राजस्थान सरकार

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर**

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(एच–215) अलेसे–I/1163 दिनांकः– 11/09/2023

## आदेश

विभागीय आदेश संख्या 143/2018–19 दिनांक 09.03.2019 के क्रम में श्री हरिसिंह सेवदा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय जिला परिषद् (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ), सीकर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को पद पर दिनांक 01.09.2019 से कार्यरत थे। विभागीय आदेश संख्या 25/2023–24 दिनांक 22.06.2023 के द्वारा श्रीमती सरिता कुमारी, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ), सीकर में किए जाने के फलस्वरूप श्री सेवदा को कार्यालय जिला परिषद्, सीकर के आदेश दिनांक 26.06.2023 अधिशेष होने के कारण इस निदेशालय हेतु कार्यमुक्त किया गया, जिसके क्रम में श्री सेवदा ने दिनांक 27.06.2023 को आदेशों की प्रतीक्षा में इस निदेशालय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की। इस निदेशालय के विभागीय आदेश संख्या 26/2023–24 दिनांक 05.07.2023 के द्वारा श्री सेवदा को आदेशों की प्रतीक्षा से कार्यालय आयुक्त, नगर परिषद्, सीकर में पदस्थापित किया गया। उक्त आदेश की पालना में श्री सेवदा दिनांक 06.07.2023 को कार्यालय नगर परिषद्, सीकर में कार्यग्रहण करने हेतु उपस्थित हुए, परंतु कार्यालय नगर परिषद, सीकर में कार्यग्रहण नहीं करवाए जाने के कारण इन्होंने पुनः दिनांक 28.07.2023 को इस निदेशालय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की। विभागीय आदेश संख्या 42/2023–24 दिनांक 28.07.2023 के द्वारा श्री सेवदा का पदस्थापन कार्यालय निरीक्षण विभाग, भौतिक सत्यापन दल, सीकर (आंतरिक जांच दल) में किए जाने पर श्री सेवदा ने दिनांक 31.07.2023 को नवपदस्थापन कार्यालय में कार्यग्रहण किया। इस प्रकार श्री सेवदा दिनांक 27.06.2023 से दिनांक 05.07.2023 तक एवं दिनांक 28.07.2023 को इस निदेशालय में आदेशों की प्रतीक्षा में उपस्थित रहे हैं।

अतः कॉलम संख्या 04 में अंकित उक्त आदेशों की प्रतीक्षा अवधि को राजस्थान सेवा नियमों के नियम 7(8)(बी)(iii) के अन्तर्गत कर्तव्य मानते हुए कॉलम संख्या 06 में अंकित आदेशों की प्रतीक्षा अवधि के वेतन आहरण की स्वीकृति कॉलम संख्या 05 में अंकित कार्यालय से एवं दिनांक 06.07.2023 से 27.06.2023 तक नगर परिषद्, सीकर में उपस्थित रहने की अवधि का वेतन कार्यालय निदेशक, कोष एवं लेखा, राज0 जयपुर से आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती हैः–

| क्र. सं. | लिंक नं. | नाम/पदनाम | आदेशों की प्रतीक्षा अवधि | विभाग/कार्यालय जहां से वेतन भुगतान किया जाना है | अवधि/माह जिसका वेतन भुगतान किया जाना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 4852 | श्री हरिसिंह सेवदा, **सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I** | दिनांक 27.06.2023 से 05.07.2023 तक एवं दिनांक 28.07.2023 (10 दिवस) | निरीक्षण विभाग, भौतिक सत्यापन दल, सीकर | दिनांक 27.06.2023 से 05.07.2023 तक एवं दिनांक 28.07.2023 |

(डॉ0 देवराज)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(एच–215) अलेसे–I/1163 दिनांकः– 11/09/2023

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1 निरीक्षण विभाग, भौतिक सत्यापन दल, सीकर को भेजकर लेख है कि संबंधित लेखाकर्मी का गत भुगतान प्रमाण पत्र के अनुसार आदेशों की प्रतीक्षावधि के वेतन का भुगतान करावें।
2 संयुक्त निदेशक (प्रशासन), कार्यालय हाजा।
3 कोषाधिकारी, सीकर/कोषाधिकारी, सचिवालय, जयपुर।
4 उपनिदेशक(एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5 श्री हरिसिंह सेवदा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय–निरीक्षण विभाग, भौतिक सत्यापन दल, सीकर।
6 निजी सचिव, निदेशक महोदय।
7 निजी पत्रावली।

(राजेन्द्र प्रसाद रैगर)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

ए–ब्लॉक, वित्त भवन, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर
Website - dta.raj.nic.in, E-Mail Id - jdp-ta-rj@nic.inFax-2740735, Tel.- 2744134